तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **विक्रम प्रसाद बनाम लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, तिंवरी)** सू.अ.अपील संख्या 105/2023	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
13.06.23	अपीलार्थी विक्रम प्रसाद पुत्र दामोदर प्रसाद निवासी हरिओम कॉलोनी, तहसील तिंवरी, जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 03.02.2023 में तहसील कार्यालय तिंवरी को दिनांक 26 जनवरी 2023 को सम्मानित होने के लिए उत्कृष्ट कार्यो के लिए प्राप्त आवेदनों की संख्या बिन्दूवार बताते हुए चयन पात्र लोगों की सूची व चयन का आधार से संबंधित सूचना (2) अन्य बिन्दूओं से संबधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, तिंवरी) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, तिंवरी) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (तहसीलदार, तिंवरी) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, तिंवरी) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (हिमान्शु गुप्ता) जिला कलक्टर जोधपुर जिला कलक्टर, जोधपुर (राज.)	